# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176215
## Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215

क्रमांकः हि0शि0बो0/26 जमा दो–1/दशम्/छात्रवृति 2025 -31245-55 दिनांक: 20-01-2026

## अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है, कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च–2025 में संचलित जमा दो कक्षा की परीक्षा के Science Group के 100 तथा Arts & Commerce Group के 100 व दशम् कक्षा की परीक्षा के 400 मेधावी छात्रों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृति हेतु Online आवेदन करने के लिए योग्यता सूची (Meirt list) सहमति पत्र (Acceptance Form), बिल प्रपत्र (Bill Form), बोर्ड की बैवसाईट www. hpbose.org में Student corner के scholarship link पर उपलब्ध करवा दिया गया हैं।

सूची में दर्शाये गए परीक्षार्थी, Oniline आवेदन/बिल प्रपत्र की hard copies बोर्ड की बैवसाईट से Download कर अपने अध्ययनरस्त शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य/संस्था के मुखिया से सत्यापित करवाकर मूल रुप से पंजीकृत डाक के माध्यम से **सचिव हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला (कांगडा)–176215 के पते पर अन्तिम तिथि से 10 दिनों के भीतर बोर्ड कार्यालय मे पहुँचाना सुनिश्चित करगें। Online आवेदन करने की तिथि 21-01-2026 से 20-02-2026 तक निर्धारित की गई है।** निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाऐगा। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित परीक्षार्थी व प्रधानाचार्य का होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त सम्बन्धित संस्थानों के प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगें कि नियमानुसार Merit cum means scholarship, SC/ST/ Backward classes के लिए आरक्षित छात्रवृति को छोड कर अन्य परीक्षार्थीयों को केवल एक ही विभाग/संस्था से छात्रवृति देय होगी। जिसके लिए सभी तथ्यों की जाँच सम्बन्धित प्रधानाचार्य को छात्रों के सहमति प्रपत्र/बिल प्रपत्र सत्यापित **(Attested)** करने से पहले करनी होगी, ताकि छात्रवृति एक ही विभाग/संस्था से प्रदान की जा सके। यदि परीक्षार्थी ने बोर्ड छात्रवृति के अतिरिक्त किसी अन्य विभाग से छात्रवृति के लिए आवदेन किया है, तो उसका विवरण हार्ड कॉपी में भी अवश्य दर्शाएं। भुगतान हेतु परीक्षार्थी के बैंक खाते व आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति हार्ड कॉपी के साथ अवश्य संलग्न (Attach) करनी होगी।

पात्रता आधार पर जमा दो कक्षा के Science Group के 100 तथा Arts & Commerce के 100 तथा दशम् कक्षा के 400 पात्र मेधावी छात्रों को ही छात्रवृति प्रदान की जायेगी। जिसका चयन नियामनुसार तैयार **Final merit list** पर निर्भर होगा।

उप सचिव
कृते सचिव

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित हैः–

1 निजी सहायक, मा0, अध्यक्ष/सचिव महोदय हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
2 उप नियन्त्रक(वित्त एवं लेखा) हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
3 अतिरिक्त सचिव /समस्त उप सचिव/ समस्त सहायक सचिव हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
4 लोक सम्पर्क प्रभारी, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस आशय के साथ, कि इस अधिसूचना की प्रैस विज्ञप्ति सामाचार पत्रों मे जारी करवाएं।
5 अनुभाग अधिकारी (IT Cell) को इस आशय के साथ, कि इस अधिसूचना को बोर्ड बैवसाईट पर अपलोड करवाएं।

उप सचिव
कृते सचिव

PC No.: 05B DA Code: 888

ज्ञानालोक परिसर, धर्मशाला जिला काँगड़ा(हि०प्र०)–176215
दूरभाष/Tele: 01892-242....., 242......, 229037
फैक्स/fax: 01892-225419, 222817

Gayanalok Parisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176215
अणु डाक/e-mail : hpbose2011@gmail.com
Website : hpbose.org